## हाईकोर्ट ने याचिका पर मांगा जवाब

# डीआरडीए कर्मियों को पेंशन का अधिकार क्यों नहीं

**नवभारत, जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, डीआरडीए कर्मियों को पेंशन का अधिकार न होने के रवैये को चुनौती संबंधी याचिका पर जवाब-तलब कर लिया है। इस सिलसिले में केंद्र व राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी किए गए हैं।



याचिकाकर्ता छतरपुर निवासी सेवानिवृत्त कर्मी अशोक कुमार रावत की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी, विनीत टेहेनगुनिया, शुभम पाटकर, प्रशांत व पूर्णिमा तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता 1981 में केंद्र सरकार के गरीबी उन्मूलन हेतु सृजित एजेंसी जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, डीआरडीए में नियुक्त हुआ था। कालांतर में सरकार ने डीआरडीए कर्मियों को जिला पंचायत में विलय कर दिया, जहां पेंशन की कोई व्यवस्था नहीं है। यह रवैया इसलिए अनुचित है क्योंकि केंद्र शासन की गाइडलाइन के अनुसार डीआरडीए कर्मियों को ग्रामीण विकास विभाग में संविलयन करना था। दरअसल, केंद्र सरकार के कृषि एवं सिंचाई मंत्रालय ने 1975 में काम्पेंडियम आफ इंस्ट्रक्शंस आन प्रोजेक्ट्स जारी किया था, जिसमें डीआरडीए कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा, अवकाश वेतन, पेंशन और भविष्य निधि योगदान जैसे लाभ देने की बात कही गई है। इसमें स्पष्ट है कि राज्य सरकार को इन प्रस्तावों के लिए केंद्र से अनुमति लेने की जरूरत नहीं है।

### हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट का आदेश निरस्त किया

हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने ट्रायल कोर्ट का वह आदेश निरस्त कर दिया, जिसके तहत पुलिस को बिना प्रारंभिक जांच के एफआइआर दर्ज कर आगे कार्रवाई का निर्देश दे दिया गया था। कोर्ट ने साफ किया कि बीएनएएस की धारा 379 के तहत दायर किए गए आवेदन पर न्यायालय द्वारा एफआइआर दर्ज करने पर निर्णय लेना आवश्यक है। पुलिस का कार्य सिर्फ जांच कर रिपोर्ट पेश करना है, पुलिस को एफआइआर दर्ज करने का विवेकाधिकार नहीं दिया जा सकता है। मामला भोपाल निवासी शैलेंद्र शर्मा की याचिका से संबंधित था, जिसके जरिए ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि बीएनएएस की धारा 379 सीआरपीसी की धारा-340 की तरह है, जिसके तहत पुलिस सीधे एफआइआर दर्ज नहीं कर सकती। उसका कार्य जांच करके कोर्ट के समक्ष रिपोर्ट पेश करना होता है। यदि कोर्ट एफआइआर का पुख्ता आधार पाती है, तभी एफआइआर दर्ज हो सकती है।

### अनुकंपा नियुक्ति पर तीन माह में निर्णय लें

हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने एक याचिका का इस निर्देश के साथ निराकरण कर दिया कि याचिकाकर्ता के अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन पर तीन माह के भीतर निर्णय लिया जाए। याचिकाकर्ता कटनी निवासी आशीषा सिफा कीरो की ओर से अधिवक्ता नर्मदा प्रसाद चौधरी, अमित कुमार चौधरी, राजकुमार चौधरी व रूपलाल चौधरी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता के पिता जान कीरो, सेंट्रल बैंक आफ इंडिया में कार्यरत थे। सेवाकाल में 20 जुलाई, 2020 को उनका निधन हो गया। याचिकाकर्ता की मां ने पूर्व में ज्येष्ठ पुत्री को अनुकंपा नियुक्ति देने का आवेदन दिया था। उस पर बैंक की ओर से कोई निर्णय नहीं लिया गया। लिहाजा, कनिष्ठ पुत्री की ओर से याचिका दायर की गई है। एक वर्ष बीतने के बावजूद अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन पर निर्णय नहीं लिया गया। जबकि अनुकंपा नियुक्ति का प्रविधान है। हाई कोर्ट ने तर्क से सहमत होकर राहतकारी आदेश पारित कर दिया।






# निर्माणाधीन सड़क और अव्यवस्था बनी प्रसव पीड़ा की वजह

▸ एंबुलेंस में ही हुई डिलीवरी

**नवभारत, पनागर।** नगर के गांधी वार्ड और जगमोहन वार्ड को जोड़ने वाली सड़क पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से निर्माणाधीन है। सड़क को दोनों ओर से पूरी तरह बंद कर दिया गया है, जिससे आम नागरिकों के साथ-साथ आपातकालीन सेवाओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।शनिवार को साप्ताहिक बाजार के कारण इसी मार्ग पर एंबुलेंस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। वहीं आज शाम करीब 7:45 बजे उर्दूआ कला निवासी रोशनी बसोर (25 वर्ष), दूसरी डिलीवरी के लिए अस्पताल ले जाई जा रही थीं, लेकिन सड़क बंद होने के कारण एंबुलेंस लगभग आधे घंटे तक रास्ते में फंसी रही। स्थिति बिगड़ने पर एंबुलेंस को मजबूरन वापस लौटकर बस स्टैंड-सब्जी मंडी मार्ग से जाना पड़ा, जहां साप्ताहिक बाजार के चलते भारी जाम लगा हुआ था। अत्यधिक विलंब के कारण महिला की डिलीवरी एंबुलेंस में ही करनी पड़ी। गनीमत रही कि जच्चा और नवजात बच्ची दोनों स्वस्थ हैं।घटना ने नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही को उजागर कर दिया है। न तो सड़क निर्माण कार्य को समयबद्ध पूरा किया जा रहा है और न ही साप्ताहिक बाजार के दौरान लगने वाले जाम पर कोई प्रभावी नियंत्रण किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि आपातकालीन मार्गों को तत्काल सुचारू किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी गंभीर स्थिति दोबारा न बने।

**इनका कहना है**

रोड निर्माण कार्य होने के कारण दोनों तरफ से रोड बंद है, बाजार से एम्बुलेंस आने पर समय लग गया। एंबुलेंस समय पर पहुंच जाती तो प्रसव एंबुलेंस की जगह हॉस्पिटल में होता।

**डॉ.नीरज मिश्रा**

# बुआ के घर से विवाहित युवती लापता



▸ हिंदू संगठनों ने लगाया लव जिहाद का आरोप, थाने के सामने किया रोड जाम

**नवभारत, सिहोरा।** खितौला थाना क्षेत्र से 19 वर्षीय विवाहित युवती के लापता होने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। शनिवार शाम को हिंदूवादी संगठनों ने लापता युवती के परिजनों के साथ थाना खितौला के सामने रोड जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि समय रहते कार्रवाई नहीं होने के कारण युवती का कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। इस दौरान संगठनों ने मामले में लव जिहाद की आशंका भी जताई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना खितौला में गुमशुदगी क्रमांक 05/2026 दर्ज की गई है। ग्राम पिंडरई निवासी रानू सेन पति राकेश सेन (उम्र 40 वर्ष) ने अपनी मां माया सेन की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि उनकी बेटी लक्ष्मी सेन पति कौशल सेन (उम्र 19 वर्ष) की शादी 24 अप्रैल 2025 को ग्राम सिलुआ, थाना बरेला, जिला जबलपुर में हुई थी। परिजनों के मुताबिक लक्ष्मी 20 जनवरी 2026 को अपनी बुआ पुसिया सेन के घर, वार्ड क्रमांक 16, रेलवे फाटक के पास, खितौला आई थी। अगले दिन 21 जनवरी 2026 को दोपहर करीब 3 बजे वह यह कहकर निकली कि वह बुआ के साथ सिहोरा घूमकर लौटेगी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं आई। परिजनों द्वारा संपर्क किए जाने पर लक्ष्मी का मोबाइल फोन बंद मिला। काफी तलाश के बाद भी जब कोई जानकारी नहीं मिली तो 22 जनवरी 2026 को रात 8:08 बजे खितौला थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इधर, युवती की बरामदगी न होने से आक्रोशित हिंदूवादी संगठनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाइश दी और जल्द युवती की तलाश का आश्वासन दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और सभी संभावित पहलुओं पर पड़ताल जारी है।

# वार्ड क्रमांक 3 में अधिकारियों ने किया समस्या का निरीक्षण



**नवभारत मझौली संवाददाता।** नगर परिषद मझौली के वार्ड क्रमांक 3 से लगातार मिल रही जनशिकायतों के बाद आखिरकार नगर परिषद प्रशासन को मौके पर उतरना पड़ा। शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए नगर परिषद कार्यालय मझौली के सीएमओ नीतू सिंह एवं इंजीनियर अमित बघेल ने वार्ड क्रमांक 3 पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया।

स्थानीय नागरिकों द्वारा लंबे समय से सफाई व्यवस्था, नाली निकासी, सड़क की बदहाली और मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी को लेकर शिकायतें की जा रही थीं। बार-बार ज्ञापन और मौखिक शिकायतों के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई थी, जिससे वार्डवासियों में खासा आक्रोश देखने को मिल रहा था। मौके पर निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वार्ड की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया और नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। कई स्थानों पर नालियों की जाम स्थिति, कचरे का ढेर और क्षतिग्रस्त सड़कों को देखकर अधिकारियों को भी व्यवस्थागत लापरवाही स्वीकार करनी पड़ी।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ नीतू सिंह ने संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक सुधार कार्य तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए, वहीं इंजीनियर अमित बघेल ने तकनीकी खामियों को चिन्हित करते हुए शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने कहा कि वार्ड में लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा और भविष्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वार्डवासियों ने उम्मीद जताई कि यह निरीक्षण केवल औपचारिकता बनकर न रह जाए, बल्कि जमीनी स्तर पर वास्तविक सुधार देखने को मिले। लोगों का कहना है कि यदि इस बार भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे पुनः आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। लगातार शिकायतों के बाद हुआ यह निरीक्षण नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल भी खड़े करता है, वहीं अब देखना यह होगा कि प्रशासन अपने वादों पर कितना खरा उतरता है।



# राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान का किया निरीक्षण

▸ आदिवासी स्वास्थ्य सुधार और आधुनिक चिकित्सा जागरूकता पर दिया जोर

**नवभारत, जबलपुर।** शनिवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने जबलपुर स्थित राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान का दौरा किया। उन्होंने प्रयोगशालाओं का निरीक्षण कर अनुसंधान और नवाचारों को देखा। संस्थान के डॉ. बोन्था वी. बाबू ने उपस्थित गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. सुयश श्रीवास्तव ने संस्थान की गतिविधियों और आदिवासी स्वास्थ्य पर किए जा रहे अनुसंधान की जानकारी प्रस्तुत की। केंद्रीय मंत्री ने आदिवासी समुदाय की स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए सांस्कृतिक, पारंपरिक और आनुवंशिक अध्ययन पर जोर दिया। उन्होंने आधुनिक चिकित्सा जागरूकता बढ़ाने, स्थानीय स्वास्थ्य समस्याओं के अनुसार योजनाओं में सुधार करने और दूरदराज के क्षेत्रों में नियमित कार्यशालाएं आयोजित करने की आवश्यकता बताई। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहणी, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, दीपंकर बनर्जी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों और संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक व कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सत्येंद्र पाण्डेय ने किया।



# बालिका दिवस पर हुआ उत्कृष्ट बालिका का सम्मान

**नवभारत,बेलखाडू ( जबलपुर )** । 24 जनवरी यह दिन समाज को बालिकाओं के लिए समान, सुरक्षित और सशक्त वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करता है, ताकि वे राष्ट्र के विकास में समान रूप से योगदान दे सकें। इसी तारतम्य में परियोजना अधिकारी आराधना गर्ग श्रीमती व सुपरवाइजर रश्मि पांडे में मार्गदर्शन में शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम बघोंडी में उत्कृष्ट बालिका सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संध्या खरे, प्रियदर्शिनी शर्मा, श्रीमती क्षमा देवलिया, अनीता शर्मा, उमा श्रोती, सुनीता ठाकुर, आरती बर्मन, बबीता चढ़ार,सचिव रामजी पटेल, सुबोध शर्मा सहित गांव की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## शराब तस्कर को दबोचा

**जबलपुर। पनागर** पुलिस ने शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से 60 लीटर कच्ची शराब जप्त की गई है।सीएसपी राजेश्वरी ने बताया कि निभौरा हार पम्प हाउस के सामने पनागर पुलिस ने दबिश देकर धनीराम उर्फ धन्नी राय 62 वर्ष निवासी ग्राम छत्तरपुर राय मोहल्ला पनागर को पकड़ा। जिसके कब्जे में रखे चारों कुप्पों को चैक करने पर कुल 60 लीटर कच्ची शराब भरी मिली। जिसे जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## सैन्य अस्पताल में दो दिवसीय कैंसर स्क्रीनिंग कैंप

नवभारत, जबलपुर। मुख्यालय मध्य भारत एरिया के तत्वावधान में सैन्य अस्पताल जबलपुर ने महिलाओं के लिए दो दिवसीय कैंसर स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मेजर जनरल अजय दीप सूद, एम जी (मेडिकल) मध्य भारत एरिया ने किया और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर जोर दिया। कैंप में स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की जांच के साथ विशेषज्ञ परामर्श भी उपलब्ध कराए गए। प्रतिभागियों को शुरुआती चेतावनी संकेतों, जोखिम और बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। बड़ी संख्या में महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया और इसे स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने वाली पहल बताया।



# विद्यार्थियों को मिली डेटा साइंस की नई जानकारियां

**नवभारत,जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय के प्रसार शिक्षा विभाग द्वारा अनुसूचित जाति उपयोजना (आईसीएआर, नई दिल्ली से वित्त पोषित) के अंतर्गत 'डेटा एनालिटिक्स और मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम' पर 5-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में डीन डॉ. आर.के. शर्मा एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. सुनील नायक ने सहयोग प्रदान किया। प्रशिक्षण में कुल 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रमुख अन्वेषक डॉ. रूचि सिंह ने डेटा एनालिटिक्स और एमआईएस के पशुपालन क्षेत्र में उपयोग पर चर्चा की, जबकि विशेषज्ञ इंजीनियर नितिन जाधव ने वेब डेवलपमेंट, पाइथन कोडिंग, हाइपरलिंक जोड़ना और बिजनेस मॉडल्स से संबंधित विषयों की जानकारी दी। अंतिम दिवस पर प्रतिभागियों को डीन डॉ. आर.के. शर्मा द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए और उनका फीडबैक लिया गया। कार्यक्रम में डॉ. भावना गुप्ता, डॉ. हरी आर., डॉ. अनिल गट्टानी, डॉ. प्रगति पटेल, डॉ. रितिका चौरसिया और डॉ. आकांशा सिंह का भी योगदान रहा।




## फायर आर्म्स-चाकू के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**जबलपुर।** अधारताल पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से देशी पिस्टल, कारतूस, चाकू जप्त किया गया है। टीआई प्रवीण कुमरे ने बताया कि अधारताल तालाब मेन गेट के पास घेराबंदी कर शनि बर्मन पिता गणेश बर्मन 20 वर्ष निवासी ग्राम बगौड़ी चौकी बेलखाडू थाना कटंगी एवं शनि चौधरी पिता सुरेश चौधरी 23 वर्ष निवासी ग्राम भर्रा चौकी बेलखाडू थाना कटंगी को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर शनि बर्मन की जेब में देशी पिस्टल रखी मिला। पिस्टल को चैक करने पर 1 कारतूस लोड होना पाया गया, इसी तरह शनि चौधरी अपनी कमर में एक बटनदार चाकू खोसे मिला।



## सब्जी की टोकरी में मिला तीन फीट लंबा सांप

**जबलपुर।** गढ़ा थानांतर्गत सुबह दस बजे सूपाताल के फुटपाथ पर एक महिला सब्जी की टोकरी लेकर बैठी थी जिसमें कुछ सब्जियां रखीं थीं। महिला ने टोकरी में कुछ सरसराहट सी देखी तो चना भाजी के नीचे एक सर्प देखा तो घबरा गई स्थानीय विमल पटेल की सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर समीप के तालाब में छोड़ दिया पकड़ा गया सांप पन्हियल प्रजाति का सांप है जो कि जहरीला नहीं होता। सभी ने राहत की सांस ली।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवभारत जबलपुर।** घमापुर थाना क्षेत्र में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस के मुताबिक आकाश बेन 26 वर्ष निवासी लालमाटी नई कलारी के पीछे सिद्धबाबा ने सूचना दी कि उसकी बहन प्रीति की शादी बम्बा देवी शीतलामाई निवासी सुन्नू उर्फसुनील के साथ हुयी थी उसकी बहन प्रीति अपनी ससुराल बम्बा में थी, प्रीति के पति एवं ससुराल वाले खारी में सुहजनी गये थे उसकी बहन घर पर अकेली थी उसकी बहन शनिवार दोपहर लगभग 12-30 बजे अपने कमरे में पंखे में फांसी लगा ली। भतीजा कालू बेन प्रीति को लेने प्रीति की ससुराल गया था देखा उसकी बहन प्रीति बेन 30 वर्ष पंखे से फांसी पर लटकी थी जिसे उतारकर विक्टोरिया अस्पताल लेकर गये जहां डाक्टर ने चैक कर डाक्टर को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

## वर्तिका काव्य गोष्ठी आज

**जबलपुर, नवभारत।** वर्तिका की मासिक काव्य गोष्ठी आज रविवार 25 जनवरी की सायं 3:00 बजे से नूतन मराठी स्कूल गोल बाजार में उस्ताद अनवर हुसैन टॉप स्टार सिंगर एवं राजेंद्र शर्मा भास्कर समूह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई है इस अवसर पर हीराधर बड़गइयाँ एवं अशोक मिजाज बद्र के काव्य पटल का अनावरण भी किया जाएगा विजय नेमा, संतोष नेमा, राजेश पाठक प्रवीण, यूनुस अदीब एवं प्रतिमा श्रीवास्तव ने सभी साहित्यकारों से यथा समय उपस्थित की अपील की है।

## माँ नर्मदा जन्मोत्सव पर पनागर में 51 महाआरती का भव्य आयोजन

**नवभारत, पनागर।** श्री माँ नर्मदा जन्मोत्सव 2026 के पावन अवसर पर नगर पनागर में ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। श्री प्राचीन छोटे महावीर मंदिर, सीताराम मोहल्ला, पनागर में न्यू बाल गोपाल समिति के तत्वावधान में श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत 51 भव्य महाआरतियों एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।आयोजन समिति ने बताया कि श्रद्धालु भक्तगणों के सहयोग से यह आयोजन लगातार 20वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, वहीं पनागर में पहली बार 51 महाआरतियों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर भक्तों को बैठकर प्रसाद ग्रहण करने का सौभाग्य प्राप्त होगा।कार्यक्रम के अनुसार 23 जनवरी, बसंत पंचमी के दिन सायं 7 बजे महाआरती संपन्न होगी। वहीं 25 जनवरी 2026, रविवार को दोपहर 3 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसके उपरांत सायं 7 बजे 51 महाआरती का भव्य आयोजन होगा। न्यू बाल गोपाल समिति, पनागर द्वारा समस्त नगरवासियों एवं श्रद्धालु भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर माँ नर्मदा की आराधना में सहभागी बनकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है।

# शांकराचार्य से समर्थन में निकली मशाल यात्रा

**नवभारत, जबलपुर।** प्रयागराज में हुए शांकराचार्य अविमुकतेश्वरानन्द सरस्वती के साथ विवाद की लौ अब जबलपुर तक पहुंच चुकी है। शनिवार को कांग्रेसियों ने मशाल यात्रा निकाली। पूर्व पार्षद जितिन राज ने कहा की मौनी अमावस्या पर जब शंकारचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अमावस्या स्नान के लिए अपनी पालकी पर सवार होकर जा रहे थे और मेला अधिकारियों ने उन्हें रोक दिया था जिसके बाद उनके समर्थकों की पुलिस और अधिकारियों से झड़प हो गई इस घटना से क्षुब्द होकर अविमुक्तेश्वरानंद अपने आश्रम के बाहर ही धरने पर बैठ गए। वहीं माघ मेले में धरने पर बैठने से स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की सेहत भी बिगड़ी है, जबकि मेला प्राधिकरण उन्हें शंकराचार्य की पदवी समेत जमीन आवंटन को लेकर दो नोटिस भेज चुका है यह कहा तक जायज है। पूर्व पार्षद जितिन राज, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, कांग्रेस नेता पंकज पाण्डेय के नेतृत्व मे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती किसान उत्तर प्रदेश सरकार एवं प्रयागराज प्रशासन द्वारा किए गए अभद्र व्यवहार के खिलाफ स्थानीय मालवीय चौक से लेकर लार्डगंज पुलिस थाना तक मशाल यात्रा निकाली गई जिसमें कांग्रेस नेताओं समेत सैकड़ों कार्यकर्ता एवं आम जनसमूह मौजूद रहा। इस मशाल यात्रा में नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, सोनू कुकरेले, संतोष दुबे, हर्षित यादव, अन्नू तिवारी, विवेक यादव, अभिषेक पाठक,सचिन बाजपेई, समेत अन्य मौजूद रहे।



## कंडेक्टर को मारी चाकू

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अंतर्गत सुब्बाशाह मैदान में रिपोर्ट करने का बदला लेने बदमाश ने कंडेक्टर को चाकू मार दी। हमले में घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक सोराब खान 21 वर्ष निवासी भैंसासुर मंदिर के पास रामपुर थाना गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह वर्तमान में अपनी नानी के घर सुब्बाशाह में रहकर तौफीक की गाड़ी में कंडेक्टरी करता है, लगभग 3-4 माह पूर्व शुब्बाशाह मैदान हनुमानताल निवासी अस्फाक से झगड़ा हुआ था जिसकी रिपोर्ट थाना में की थी जिसका केश उसके खिलाफकोर्ट में चल रहा है। मैदान में अस्फका ने पुरानी रंजिश पर उसे चाकू मार दिया। जिससे उसे चोटें आ गई।


**पश्चिम मध्य रेल**

विद्युत विभाग (कर्षण–वितरण शाखा)
ई–निविदा सूचना
एन.आई.टी नं. जबल–टीआरडी–
निविदा–2025–07 दिनांक 22/01/2026

वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण–वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई ई. नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। कार्य का नाम – जबलपुर डिवीजन में टीएसएस/एसपी/एसएसपी आरटीयू में आरडीएसओ विनिर्देश क्रमांक टीआई/एसपीसी आरसीसी/एससीएडीए/0134 के अनुसार स्काडा सिस्टम में साइबर सुरक्षा का कार्यान्वयन और फर्मवेयर अपग्रेडेशना।, **कार्य स्थल**– जबलपुर मण्डल।, **कार्य की अवधि**– 12 माह, **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू)**– रूपये 4,10,69,096.07/– (रूपये चार करोड दस लाख उनहतर हजार छियानवे एवं सात पैसे मात्र),**बयाना राशि** – रूपये 3,55,400.00/–, **निविदा जमा करने/खुलने की अंतिम तिथि एवं समय**– 20/02/2026 15:00 बजे/ 20/02/2026 15:30 बजे, निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे बेबसाईट– https://www.ireps.gov.in निविदाकर्ता अपनी निविदाऐं आई आर ई पी एस के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाईन निविदा करें। निविदाकताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की व्यवसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्म के अनुसार और ज्वांइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।

(हस्ता.)
कृते वरि. मं.वि. इंजी. क.वि.
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख (शाखा –उत्पादन)**
**वन भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल**
दूरभाष एवं फैक्स नं. 0755-2674171 E-mail: pocfprod@mp.gov.in

**औद्योगिक बांस के अग्रिम विक्रय हेतु ई-निविदा का विज्ञापन**

अधिसूचना क्रमांक/बांस निर्वर्तन/25-26/129 — भोपाल, दिनांक 20/01/2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि प्रदेश वन विभाग के अंतर्गत वानिकी वर्ष 2025 26 में उत्पादित होने वाले औद्योगिक बांस का निर्वर्तन निम्नानुसार तिथियों को संबंधित वृत्तों के कार्यालय में ई-निविदा के माध्यम से Online Web Portal, www.mptenders.gov.in पर किया जाना है।

| क्रमांक | वृत्त का नाम | प्रथम निविदा का दिनांक | द्वितीय निविदा का दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | बालाघाट | 23/02/2006 | 18/03/2026 |
| 2. | सिवनी | 24/02/2026 | 23/03/2026 |
| 3. | बैतूल | 25/02/2026 | 24/03/2026 |
| 4. | खण्डवा | 26/02/2026 | 25/03/2026 |
| 5. | नर्मदापुरम | 27/02/2026 | 26/03/2026 |

1. उपरोक्त दर्शित तिथियां पोर्टल पर तकनीकी प्रस्ताव/पूर्ण प्रस्ताव खोलने की तिथियां है।
2. निविदा में प्रस्तावित औद्योगिक बांस की मात्रा की जानकारी उपरोक्त दर्शित पोर्टल पर दिनांक 25/01/2026 के उपरांत देखी जा सकती है। यह जानकारी संबंधित वनमंडल / वन वृत कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है।
3. सत्यंकार की राशि तथा अन्य शुल्क ) पोर्टल पर दर्शाये अनुसार ऑनलाईन जमा करनी होगी।
4. निविदा में भाग लेने हेतु केता को स्वयं के स्वयं की फर्म के नाम पर क्लास-3 डिजीटल सिग्नेचर प्राप्त करने होगें।
5. टेण्डर फॉर्म तथा निविदा की अन्य शर्त दिनांक 25/01/2026 के बाद उपरोक्त दर्शित पोर्टल पर देखी जा सकती है तथा संबंधित वनमंडल / वन वृत्त कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है।

(बिन्दु शर्मा
प्रधान संरक्षक (उत्पादन)
मध्यप्रदेश भोपाल

जी-24853/25

बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल